बिहार में बन रहा देश का सबसे लंबा एक्स्ट्रा डोज केबल पुल

चर्चा में क्यों?

2 अप्रैल, 2023 को बिहार पथ विकास निगम के आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में देश का सबसे लंबा एक्स्ट्रा डोज केबल पुल का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी कुल लंबाई 22.76 किलोमीटर है।

प्रमुख बिंदु

- इस पुल की लंबाई 9.76 किलोमीटर व पुल के दोनों तरफ एप्रोच रोड की लंबाई 13 किलोमीटर है। इस पुल के तैयार होने से दक्षिण बिहार व पड़ोसी राज्य झारखंड की तरफ से आने-जाने वाले वाहनों को उत्तर बिहार जाने के लिये पटना शहर में आने की ज़रूरत नहीं होगी, इससे शहर में वाहनों का दबाव कम होगा।
- लगभग 4988 करोड़ रुपए की कुल लागत वाले इस पुल का पटना छोर एनएच-30 पर सबलपुर में तथा वैशाली छोर एनएच-103 पर चकसिकंदर में है।
- गंगा पर सिक्स लेन एक्स्ट्रा डोज केबल पुल के बनने से राघोपुर दियारा की सूरत बदलने के साथ उत्तर बिहार के लिये नयी कनेक्टिविटी होगी।
- सिक्स लेन पुल के निर्माण में गंगा में दो पिलर के बीच 160 मीटर की दूरी है। गंगा में मालवाहक जहाज़ों के आवागमन को देखते हुए यह दूरी रखी गई है। सिक्सलेन पुल में पटना दक्षिण छोड़ की तरफ से नदी में लगभग 1.5 किलोमीटर व बिदुपुर उत्तरी छोर से नदी में लगभग 8.5 किलोमीटर पुल बन रहा है।
- इस पुल का निर्माण गंगा के जलस्तर से 22 मीटर ऊँचाई पर हो रहा है। ताकि गंगा के अधिकतम जलस्तर से 12 से 13 मीटर के करीब ऊँचा होने से पुल पर जलस्तर का कोई फर्क नहीं पड़ेगा।
- आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सिक्सलेन पुल से राघोपुर दियारा को जोड़ने के लिये लिंक रोड का निर्माण भी शुरू हो चुका है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/country-s-longest-extra-dose-cable-bridge-being-built-in-bihar